## मध्य प्रदेश विशेष

| | |
|---|---|
| **इंदौर- 31 वेटलैंड मान्यता प्राप्त शहरों के नेटवर्क की सूची में शामिल हुआ**<br> | **इंदौर और उदयपुर** रामसर कन्वेंशन के तहत मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों के रूप में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त करने वाले पहले भारतीय शहर हैं।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ **इंदौर:**<br>➢ **सिरपुर झील,** एक रामसर साइट, जलीय पक्षियों को आकर्षित करने के लिए जानी जाती है और इसे पक्षी अभयारण्य के रूप में विकसित किया जा रहा है।<br>❖ **उदयपुर:**<br>➢ पाँच प्रमुख आर्द्रभूमियों- पिछोला, फतेह सागर, रंग सागर, स्वरूप सागर और दूध तलाई से घिरा हुआ है।<br>❖ **वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन** (WCA) एक स्वैच्छिक प्रणाली है जो शहरों को प्राकृतिक या मानव निर्मित आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने की अनुमति देती है।<br>❖ WCA को **उरुग्वे (2015) में रामसर कन्वेंशन के COP12 में अनुमोदित** किया गया था।<br>❖ यह मान्यता जलीय निकाय को 6 वर्षों के लिए प्रदान की जाती है और अगर शहर छह मानदंडों को पूरा करता है तो इसे नवीनीकृत किया जा सकता है।<br>❖ WCA आर्द्रभूमि संरक्षण, बुद्धिमानी से उपयोग और स्थानीय समुदायों के लिए स्थायी सामाजिक-आर्थिक लाभों को बढ़ावा देता है।<br>❖ यह आर्द्रभूमि के पास के शहरों, विशेष रूप से रामसर साइटों को इन पारिस्थितिकी प्रणालियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।<br>❖ WCA भारत के **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) की अमृत धरोहर पहल** का समर्थन करता है।<br>❖ **रामसर कन्वेंशन:**<br>➢ एक **अंतर-सरकारी संधि** है, जो आर्द्रभूमि संरक्षण और सतत उपयोग के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करती है।<br>➢ इसे **1971** में अपनाया गया था और 1975 में लागू किया गया था, **भारत में वर्तमान में 85 रामसर स्थल** हैं। |

## खेल

| | |
|---|---|
| **ICC पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024** | **अफगानिस्तान** के प्रतिष्ठित खिलाड़ी **अजमतुल्लाह उमरजई** को **ICC पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024** चयनित किया और गया।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ अजमतुल्लाह उमरजई को उनकी गतिशील तेज गेंदबाजी और शक्तिशाली बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। |

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

| | |
|---|---|
|  | ❖ उन्होंने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया और 2024 में दुनिया के अग्रणी वनडे खिलाड़ियों में से एक बन गए। उन्होंने T20 और फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट में भी एक प्रभावशाली वर्ष बिताया, लेकिन वनडे में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया।<br>❖ ICC पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर एक प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार है जो **वन-डे इंटरनेशनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले** को दिया जाता है।<br>❖ विराट कोहली को 2023 में ICC ODI प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। |

## विविध

| | |
|---|---|
| **GI समागम कार्यक्रम**<br> | **22 जनवरी** को **नई दिल्ली** में **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) और इंडिया टुडे** समूह द्वारा GI समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ **केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री** पीयूष गोयल ने **2030 तक 10,000 भौगोलिक संकेत (GI) टैग** प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।<br>❖ वर्तमान में, GI टैग प्रदान किए जाने की संख्या 605 है, लेकिन "पूरी सरकार" के दृष्टिकोण से, गोयल का लक्ष्य इस आंकड़े को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।<br>❖ प्रगति की निगरानी के लिए, इस महत्वाकांक्षी पहल के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए एक समिति भी बनाई जाएगी। |
| **WAVES बाज़ार, वाह उस्ताद चैलेंज और WAVES अवार्ड्स**<br> | सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने **27 जनवरी को नई दिल्ली** में **WAVES बाज़ार, वाह उस्ताद चैलेंज और WAVES अवार्ड्स का शुभारंभ** किया।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ केंद्रीय मंत्रियों ने WAVES 2025 के एक भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को आमंत्रित करते हुए **'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' सीज़न 1** भी लॉन्च किया।<br>❖ आगामी WAVES दुनिया का **पहला ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन** होगा।<br>❖ भारत **5-9 फरवरी 2025** तक पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) की मेजबानी करेगा।<br>❖ यह संपूर्ण मीडिया और मनोरंजन (M&E) क्षेत्र के लिए दुनिया का पहला अभिसरण कार्यक्रम है।<br>❖ यह मीडिया और मनोरंजन (M&E) उद्योग में विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग, नवाचार और चर्चा को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख मंच होगा |
| **उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2025** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **28 जनवरी को भुवनेश्वर** के जनता मैदान में **'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2025' का उद्घाटन** किया।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ ओडिशा को उम्मीद है कि दो दिवसीय कॉन्क्लेव के बाद 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित होगा।<br>❖ साथ ही रोजगार सृजन में 3.5 लाख की वृद्धि होने का अनुमान है। |




- इस कॉन्क्लेव के दौरान ओडिशा राज्य सरकार और निवेशकों के बीच लगभग 100 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।
- भारत और 12 अन्य देशों के राजदूतों, निवेशकों और उद्योगपतियों सहित 7,000 से अधिक प्रतिनिधि इस व्यापार सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

## समाचार में स्थान

### कैलाश मानसरोवर यात्रा



भारत और चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने और लोगों को ध्यान में रखकर उठाए जाने वाले कदमों और सीधी हवाई सेवाओं के माध्यम से संबंधों को बढ़ाने पर सहमति जताई है।

**मुख्य बिंदु**

- कैलाश मानसरोवर **हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों और बॉन अनुयायियों के लिए एक पूजनीय तीर्थ स्थल** है।
- **भगवान शिव का निवास** माना जाने वाला कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील का गहरा आध्यात्मिक महत्व है।
- यह तिब्बती पठार के पश्चिमी भाग में ट्रांस हिमालय के गंगडिसे पर्वत (जिसे **कैलाश रेंज** भी कहा जाता है) में स्थित है।
- कैलाश पर्वत की **चोटी 6,638 मीटर** (21,778 फीट) की ऊंचाई पर है।
- **कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए मार्ग**
- **लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड):**
  - भारत, नेपाल और चीन (तिब्बत) के त्रि-जंक्शन पर हिमालय में स्थित है।
  - लगभग 5,334 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
- **नाथुला दर्रा (सिक्किम)**: एक अधिक सुलभ और छोटा मार्ग।
  - कम ट्रैकिंग आवश्यकताओं के कारण वृद्ध तीर्थयात्रियों के लिए उपयुक्त।
  - नाथू ला प्राचीन सिल्क रोड का एक हिस्सा है और भारत और चीन के बीच तीन सीमा व्यापार चौकियों में से एक है।
- **नेपाल के रास्ते:**
  - काठमांडू और नेपाल-चीन सीमा के माध्यम से एक वैकल्पिक मार्ग।
  - अपनी लचीलेपन के कारण अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों के बीच लोकप्रिय हैं।

**मानसरोवर झील के संदर्भ में**

- **स्थान**: चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में कैलाश पर्वत की तलहटी के पास स्थित है।
- **झील का प्रकार:** तिब्बती पठार पर बड़ी लवणीय झीलों की उपस्थिति होने के बावजूद यह एक मीठे पानी की झील है।
- **पानी का स्रोत**: कैलाश ग्लेशियरों द्वारा पुनःपूर्ति।
- **पारिस्थितिक महत्व**
  - ब्रह्मपुत्र का उद्गम मानसरोवर झील से होता है।
  - सिंधु नदी प्रणाली भी कैलाश पर्वत श्रृंखला में बोखर चू ग्लेशियर से मानसरोवर झील के पास से निकलती है।

## समाचार में व्यक्तित्व

| | |
|---|---|
| **जितेंद्र पाल सिंह**<br> | भारत सरकार ने **इजराइल में अगले राजदूत के रूप में जितेन्द्र पाल सिंह की नियुक्ति** की घोषणा की।<br>**मुख्य बिंदु**<br>❖ **2002** बैच के **भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी, जितेन्द्र पाल सिंह** वर्तमान में विदेश मंत्री के कार्यालय में कार्यरत हैं और इससे पहले 2020 से विदेश मंत्रालय के भीतर पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान प्रभाग का नेतृत्व कर चुके हैं।<br>❖ जितेन्द्र पाल सिंह की नियुक्ति ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुई है, जब **इजराइल और हमास ने हाल ही में युद्धविराम पर सहमति** जताई है, जिससे 7 अक्टूबर, 2023 के आतंकवादी हमलों के साथ शुरू हुए 15 महीने के संघर्ष का अंत हो गया है।<br>❖ जितेन्द्र पाल सिंह **संजीव कुमार सिंगला का स्थान लेंगे,** जो 2019 से अक्टूबर 2024 में फ्रांस में राजदूत के रूप में अपनी हालिया नियुक्ति तक इजराइल में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत थे। |

## लघु समाचार

- **सिटी यूनियन बैंक** (CUB) ने एक बार फिर **भारतीय बैंक संघ (IBA) द्वारा** मुंबई में आयोजित **19वें बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो एंड साइटेशन्स 2023 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर** अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया है।
- 2024 में, **न्यूजीलैंड की मेली केर ने** वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दी जाने वाली प्रतिष्ठित **राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी (ICC महिला खिलाड़ी ऑफ द ईयर) जीतकर** महिला क्रिकेट में अपना नाम दर्ज कराया।
- **खेलो इंडिया विंटर गेम्स का 5वां संस्करण** 27 जनवरी को **लद्दाख में संपन्न** हुआ।
- **जम्मू और कश्मीर** में, आवास और शहरी विकास विभाग (HUDD) ने **76वें गणतंत्र दिवस समारोह** के हिस्से के रूप में सभी 80 शहरी स्थानीय निकायों (ULB) में **"स्वच्छतंत्र" अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम** आयोजित किए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **उत्तराखंड** के देहरादून के **महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया।**

## दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर रामसर कन्वेंशन के तहत विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय शहर बन गया?**

A. भोपाल

B. इंदौर

C. ग्वालियर

D. जबलपुर

**उत्तर- B**

**2. निम्नलिखित में से कौन ICC पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बना?**

A. बाबर आजम

B. केन विलियमसन

C. विराट कोहली

D. अज़मतुल्लाह उमरज़ई

**उत्तर- D**

❍❍❍❍